महाप्रबंधक कार्यालय
पश्चिम मध्य रेल,
इंद्रा मार्केट, जबलपुर

पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली 2 ट्रेनों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त कोच

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को हमेशा ही अच्छी सुविधाएँ दिये जाने का प्रयास किया जाता है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए हमेशा से ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाये जाते रहे हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली 2 ट्रेनों में अस्थाई रूप से दो द्वितीय श्रेणी शयनयान के अतिरिक्त कोच लगाये जा रहे हैं। इन गाड़ियों का विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	गाड़ी नम्बर	कहाँ से कहाँ तक	कब से कब तक	कोच का प्रकार
1	11703	रीवा–डॉ.अम्बेडकर नगर (महू)	30.07.2017 से 31.10.2017 तक	दो द्वितीय श्रेणी शयनयान
2	11704	डॉ.अम्बेडकर नगर (महू)–रीवा	31.07.2017 से 01.11.2017 तक	
3	02195	रीवा–भोपाल सुपरफास्ट स्पेशल	05.08.2017 से 30.09.2017 तक	
4	02196	भोपाल–रीवा सुपरफास्ट स्पेशल	05.08.2017 से 30.09.2017 तक	

रेल प्रशासन यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित हैं।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/157/2017 दिनांक 25.07.2017

सम्माननीय संपादक

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग करें।

सधन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

महाप्रबंधक कार्यालय
पश्चिम मध्य रेल,
इंद्रा मार्केट, जबलपुर

पश्चिम मध्य रेल द्वारा गाड़ियों की समयपालनता में सुधार

पश्चिम मध्य रेल प्रशासन द्वारा हाल ही में ऐसे कई कदम उठाये गये हैं जिससे जबलपुर से आने–जाने वाली गाड़ियों की समयपालनता में सुधार हुआ है।

रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 12191/92 जबलपुर–नई दिल्ली श्रीधाम एक्सप्रेस के रैक को गाड़ी संख्या 12181/82 जबलपुर–जयपुर दयोदय एक्सप्रेस के रैक के साथ लिंक कर दिया गया है। पूर्व में श्रीधाम एक्सप्रेस नई दिल्ली से देरी से आने और इसका रैक उपलब्ध न होने के कारण जबलपुर से देरी से रवाना हो पाती थी। परन्तु अब दयोदय एक्सप्रेस के रैक के साथ इस गाड़ी का रैक लिंक कर दिये जाने के फलस्वरूप श्रीधाम एक्सप्रेस की समयपालनता में अभूतपूर्व सुधार हुआ है।

इसी प्रकार जबलपुर स्टेशन पर आने वाली गाड़ियों को प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं होने के कारण बाहरी सिग्नल पर रोकना पड़ता था। इसमें परिचालनिक कार्यप्रणाली में तकनीकी सुधार एवं बेहतर नियोजन के द्वारा गाड़ियों के स्टेशन के बाहर विलम्बन में सुधार हुआ है। जिससे यात्रियों को होने वाली असुविधा को यथासम्भव दूर कर दिया गया है।

यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये अनेक ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाये गये हैं। जिनमे गाड़ी संख्या 11447/48 जबलपुर–हाबड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस में 1 द्वितीय श्रेणी शयनयान बढाना, गाड़ी संख्या 01656/55 जबलपुर–पुणे एक्सप्रेस (साप्ताहिक) में 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, गाड़ी संख्या 01706/05 जबलपुर–बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, गाड़ी संख्या 02191/92 जबलपुर–संतरागाछी में 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं गाड़ी संख्या 02198/97 जबलपुर–कोयम्बटूर में भी 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के कोच बढ़ाकर जन अपेक्षा की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाया गया है।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/158/2017 दिनांक 25.07.2017

सम्माननीय संपादक

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग करें।

सधन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर